तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 10 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 शव छिपाने वाले मुख्य आरोपी के साथ चार गिरफ्तार




## खबर संक्षेप

### सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय विश्रामगृह में सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति केन्द्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति का विस्तार कोरिया जिला के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त समिति के कोरिया जिला अध्यक्ष हीरालाल साहू ग्राम ओड़गी बैकुंठपुर को चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देवेन्द्र कुल्हरिया तथा कवि शंकर नाविक को दी गई। सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति के संस्थापक ट्रस्टी ननकूराम मुंगरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से आदिवासी, हरिजन, पिछड़ा वर्ग के उत्थान एवं विकास में सहयोग की अपेक्षा की, ताकि समाज राष्टीय मुख्यधारा से जुड़कर अपना विकास कर सकें।

### पूर्व नपाध्यक्ष अशोक ने बांटे कंबल



**बैकुण्ठपुर।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा शनिवार को छग के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन के अवसर पर कंबल वितरण कर जरूरतमंद या असहाय व्यक्ति की मदद किए। उन्होंने बाल आश्रम तलवापारा ,रिक्शा स्टैंड बैकुंठपुर, विधवा आश्रम धौराटिकरा एवं पौधरोपण इंदिरा पार्क बैकुंठपुर में किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह, सांसद प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता, सोहन स्वामी, लालदास महंत, दिवाकर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नवोदय में प्रवेश पाने बच्चों ने दी परीक्षा



**बैकुण्ठपुर।** शनिवार को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोरिया जिला मुख्यालय सहित विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। जानकारी के अनुसार शनिवार को नवोदय विद्याल प्रवेश परीक्षा के लिए परिजन के साथ बच्चे शहर के परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे उक्त परीक्षा पूर्वान्ह 11 से 1 बजे तक निर्धारित था ,लेकिन बच्चों को लेकर परिजन सुबह 9 बजे से ही अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचना शुरू कर दिए। निर्धारित केन्द्रों में नवोदय परीक्षा समय पर शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हुआ। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा ब्लाक मुख्यालय सोनहत में भी उक्त परीक्षा का केन्द्र निर्धारित था ,जहां काफी संख्या में छात्र-छात्राएं नवोदय प्रवेश परीक्षा दी। उल्लेखनीय है कि जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत बच्चों को अधिक से अधिक फार्म भरे जाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा दिए गए थे।

## आईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण, पुलिस आफिसर्स मेस का उद्घाटन

# गंभीर अपराधों की थानेदार स्वयं करें विवेचना



परेड का निरीक्षण करते आईजी दीपक कुमार झा।



ऑफिसर्स मेस का शुभारंभ करते आईजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- आमजन से सौहद्रपूर्ण व्यवहार करने की दी नसीहत

कोरिया जिले की पुलिसिंग व्यवस्था, कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं शहरी-ग्रामीण थानों की गतिविधियों का समग्र आंकलन करने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा द्वारा 12 एवं 13 दिसंबर को कोरिया में वार्षिक निरीक्षण किया गया। 12 दिसंबर को उन्होंने थाना चरचा का निरीक्षण किया। यहां संधारित पंजियों, शस्त्रागार, मालखाना और सीसीटीएनएस कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया।

पुलिस महानिरीक्षक ने थानेदारों को गंभीर अपराधों की विवेचना स्वयं करने और लंबित समंस-वारंट की तामिली शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुमशुदा बच्चों और चिटफंड जैसे मामलों में विशेष सक्रियता बरतने पर बल दिया। आईजी ने आमजन से सौहद्रपूर्ण व्यवहार करने की नसीहत दी। काफी अवधि से लंबित साइबर फ्राड से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने सख्त निर्देश दिए। इसके पश्चात आईजी ने रक्षित केन्द्र में नवनिर्मित ऑफिसर मेस का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। ऑफिसर मेस के उद्घाटन के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी गहन निरीक्षण किया गया। कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को रिकॉर्ड दुरुस्त रखने और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को समय पर उनकी पेंशन और अन्य भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मुख्य लिपिक को निर्देशित भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी राजेश साहू, डीएसपी जेपी भारतेन्दु, रक्षित निरीक्षक नितीश नायर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### परेड का किए निरीक्षण

13 दिसंबर के तड़के सुबह आईजी सरगुजा ने रक्षित केन्द्र कोरिया में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। सरगुजा पुलिस की बैंड पार्टी ने परेड में पुलिस बैंड की मधुर धुनों ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। परेड के पश्चात रक्षित केन्द्र स्थित वाहन शाखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय वाहनों की स्थिति, उनके मेंटेनेंस और संचालन की अद्यतन जानकारी ली गई। रेंज आईजी ने वाहन चालकों से विस्तृत चर्चा कर वाहनों के रख-रखाव के लिए आवश्यक सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी वाहन किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के लिए हमेशा तैयार स्थिति में हों। इसके पश्चात आईजी सरगुजा ने शस्त्रागार शाखा का निरीक्षण किया।

### पुलिस दरबार में सुनी समस्याएं

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा द्वारा पुलिस दरबार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गई्ं। पुलिस महानिरीक्षक ने उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पुलिसिंग को और अधिक संवेदनशील और जनसेवा केन्द्रित बनाने पर बल दिया। कोरिया जिले की पुलिस व्यवस्था को सराहते हुए उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के महत्व को रेखांकित किया और कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। दरबार के बाद रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के स्टोर शाखा एवं एवं शस्त्रगार का निरीक्षण किया गया। यहां रखे गए शस्त्र और अन्य सामग्री के रख-रखाव की स्थिति का आंकलन करते हुए उनकी आपूर्ति में सुधार के निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि सामग्री की उपयोगिता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर जांच और अद्यतन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अनुपयोगी सामग्रीयों के नष्टीकरण व मुख्यालय वापसी के लिए निर्देशित किया गया।

### साइबर जागरुकता संवाद कार्यक्रम

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा जिला पंचायत बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित सायबर जागरूकता संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सायबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया दुरूपयोग, डिजिटल लेन-देन में सावधानी, मजबूत पासवर्ड के उपयोग तथा किसी भी संदिग्ध सायबर गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# ब्रेड बेचने निकला बालक जबलपुर से बरामद

## सोनहत थाने में गुमशुदगी की दर्ज थी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र में एक नाबालिग अपने घर से सुबह ब्रेड बेचने जाने के नाम से निकला फिर उस बालक को पता नहीं चला। परिजन ने रिश्तेदार, दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन बालक का कहीं पता नहीं चला, तब दूसरे दिन बालक को किसी अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर कही भगा ले जाने की रिपोर्ट सोनहत पुलिस में दर्ज कराई गइ। शिकायत पर सोनहत पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन ही गुम बालक के बारे में जानकारी प्राप्त हो गई। जब बालक ने अपनी आपबीती बताई तो सभी हतप्रभ रह गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत थानांतर्गत ग्राम मधला निवासी चंदा बाई पति राजेश कुमार प्रजापति ने 11 दिसंबर की रात्रि में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा ऋषि कुमार रोज की भॉति ब्रेड बेचने घटना दिवस 10 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे ब्रेड बेचने जाने के नाम से घर से निकला, लेकिन इसके बाद वह सुबह 10 बजे तक घर नहीं लौटा, तब परिजन ने बालक की खोजबीन शुरू की और रिश्तेदारों एवं दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन बालक का कोई पता नहीं चला। बालक की मां ने पुलिस रिपोर्ट में अपने बेटो को किसी अज्ञात के द्वारा बहला फुसलाकर कही ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर घटना के दिन से गुम बालक को लेकर परेशान रहे।

### टेंट में रहने वाले लोगों पर आरोप

सूत्रों के अनुसार गुम बालक को बाहर से आए टेंट में अस्थाई रूप से रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा घटना दिवस 10 दिसंबर को बालक को बेहोश कर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने की बात बताई जाती रही। बताया जाता है कि बेहोश बालक को जब होश आया तो वह जबलपुर मप्र के पास किसी स्टेशन पर पाया और किसी तरह एमसीबी जिले के ग्राम बंजी में अपने रिश्तेदार के पास पहुंचा। सूचना पर माता-पिता अपने गुम बालक को सकुशल घर लाए जिसके बाद परिजन ने राहत की सांस ली।

### दो दिन बाद मिली बालक की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम मधला से गुम बालक घर से सुबह 6 बजे ब्रेड बेचने जाने कहकर घर से निकला और वापस नहीं लौटा। सूत्रों के अनुसार गुम बालक को बेहोश कर अगवा कर लिया गया था, बालक को होश आया तो वह मप्र के जबलपुर के करीब अपने आप को पाया और वहां से किसी तरह अपने रिश्तेदार के यहां 12 दिसंबर को एमसीबी जिला अंतर्गत ग्राम बंजी पहुंचा। इसकी जानकारी माता पिता को दी गई और फिर बालक को सकुशल घर लाया गया।

# 80 हजार की संपत्ति नुकसान एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- चरचा ईस्ट खदान में केबल चोरी का खुलासा

जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल की चरचा ईस्ट खदान में हुई केबल तार चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में अभी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रकरण के अनुसार 14 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11 से 12 बजे के बीच चरचा ईस्ट खदान क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा खदान में लगे तांबे के केबल तार को काटकर चोरी कर लिया गया। घटना के समय खदान में कार्यरत कर्मचारियों ने संदिग्ध गतिविधि देखी, इसके बाद इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को दी गई। जांच में सामने आया कि चोरों ने लगभग 400-500 मीटर केबल तार काटकर चोरी की, जिसकी कीमत करीब 70 से 80 हजार रूपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 201/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(2), 305 (ई) एवं 310 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा की गई विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाए गए और संदिग्धों से पूछताछ की गई। जांच के आधार पर सुमन उर्फ सुरेश पिता बृजूलाल पनिका उम्र 30 वर्ष निवासी खैरई थाना चरचा को आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया। पुलिस ने आरोपी को 12 दिसंबर को ⏭ शेष पेज 4 पर

### शीतलहर से बचाव के लिए अलर्ट जारी

**मनेन्द्रगढ़।** छग में ठंड बढ़ने के साथ ही शीतलहर का खतरा बढ़ गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने सभी विभागों को व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने और जनता को जागरूक करने के निर्देश जारी किए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त पत्र के आधार पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य, जिला, तहसील और गांव स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। पंचायत भवनों में शीतलहर से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और प्राथमिक उपचार बॉक्स की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों को आधार बनाकर प्रत्येक जिले में स्थानीय शीतलहर प्रबंधन कार्ययोजना तैयार की जाएगी। राज्य, जिला और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे और शीतलहर से जुड़ी बीमारियों व खतरे से बचाव की जानकारी नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी शीतलहर चेतावनी, न्यूनतम तापमान और मौसम बुलेटिन को सभी विभागों और जिलों तक नियमित रूप से भेजा जाएगा।

## 11.94 करोड़ से अधिक का सेटलमेंट

# नेशनल लोक अदालत: एक ही दिन में 12,680 प्रकरण निराकृत



आयोजन में उपस्थित न्यायाधीश व अन्य।

**बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन शनिवार को किया गया।

यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत सिविल न्यायालय बैकुंठपुर एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए कुल 15 खंडपीठों का गठन किया गया। इन न्यायालयों में लंबित कुल 3,532 प्रकरणों को राजीनामा के लिए रखा गया। इनमें से 2,833 प्रकरणों का सफल निराकरण किया गया। इसके माध्यम से 9,85,70,053 रूपए की राशि का सेटलमेंट किया गया। राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राजस्व न्यायालयों में कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर की खंडपीठों का गठन किया गया। राजस्व न्यायालय बैकुंठपुर में 9 खंडपीठें तथा एमसीबी जिले में 20 खंडपीठें गठित की गईं। इन खंडपीठों द्वारा राजस्व जिला कोरिया एवं जिला एमसीबी से कुल 9,768 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त नेशनल लोक अदालत में बैंक/नगरपालिका, टेलीफोन एवं राजस्व विभाग से संबंधित कुल 14,957 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गए। इनमें से 9,847 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इस प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 12,680 प्रकरणों का निपटारा किया गया तथा 11,94,08,881 रूपए की राशि का सेटलमेंट राजीनामा के जरिए संपन्न हुआ। लोक अदालत ने एक बार फिर त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाई।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### नवीन पाठ्य पुस्तकों पर विषय आधारित ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** नवीन पाठ्य पुस्तक पर विषय आधारित विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर तथा स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ,जिसमें सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषय पर क्रमशः 94 तथा 98 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया,इन्हें जिला प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, सामाजिक विज्ञान विषय में रितेश गुप्ता,सौरभ वर्मा, टीकाराम यादव तथा विज्ञान विषय में अमरेंद्र पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद,सुनीता बंजारे ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में कार्य किया,प्रशिक्षण के दौरान सुरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज मंडल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक लिया गया, इस दौरान बीईओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि नई शिक्षण-रणनीतियों,मूल्यांकन पद्धतियों और नवीन तकनीकी साधनों को अपनी कक्षाओं में लागू करें,ताकि विद्यार्थियों को व्यवहारिक,रोचक और सीखने-योग्य वातावरण उपलब्ध हो सके,उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की धुरी हैं,इसलिए उनका सतत प्रशिक्षण और अद्यतन रहना अत्यंत आवश्यक है,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज मंडल ने कहा कि विषय आधारित प्रशिक्षण शिक्षकों की विषयगत दक्षता बढ़ाने, कक्षा-कक्ष शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है,शिक्षक जब अपने विषय में गहराई से दक्ष होते हैं तो वे विद्यार्थियों की सीखने की गति और आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं, ऐसे प्रशिक्षणों से शिक्षा की गुणवत्ता में सीधा सुधार होता है, प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में बिश्रामपुर संकुल के जन शिक्षक गौरीशंकर पांडेय, नेल्सन बैक, पंकज सिंह व कार्तिक दुबे सक्रिय रहे।

### पुरानी पद्धति से धान खरीदी करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने एग्रो पोर्टल को बंद कर पुरानी पद्धति से धान खरीदी करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा लागू एग्रो पोर्टल आधारित टोकन व्यवस्था पूर्णतः विफल हो चुकी है। तकनीकी विसंगतियों और मनमाने नियमों के चलते कई किसान न तो पंजीकरण कर पा रहे हैं और न ही उनका टोकन कट रहा है। इस व्यवस्था के गंभीर परिणामों के कारण महासमुंद में एक किसान द्वारा टोकन न मिलने पर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। पंजीयन विसंगति के कारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सैनिक, कोटवार एवं वन अधिकार पट्टा धारक किसानों की शासकीय पट्टेधारी भूमि का पंजीकरण भी एग्रो पोर्टल से नहीं हो पा रहा है। किसानों के लिए धान खरीदी केन्द्र में तौल कांटा बढ़ाने के साथ साथ हमाली व्यवस्था बढ़ाया जाए किसानों के लिए पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, रात्रि होने पर विश्राम व अत्याधिक ठंड को ध्यान में रखते हुए अलाव की व्यवस्था धान खरीदी केन्द्रों में किया जाए। एग्रो पोर्टल को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए एवं धान खरीदी हेतु पुरानी, सुचारू पद्धति को पुनः लागू किया जाए। किसानों को पुरानी व्यवस्था की तरह तीन टोकन दिए जाए। इस दौरान प्रमोद चौधरी, मनीष केशरी, निखिल विश्वकर्मा, सीपी सिंह, जमील खान, पंकज शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान



**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन तथा राजकीय गीत के साथ हुआ,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संजय गुप्ता (सदस्यअंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण छत्तीसगढ़),सत्यनारायण जायसवाल (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) तथा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे,इस दौरान सत्यनारायण जायसवाल ने मानव अधिकारों का संक्षिप्त विश्लेषण करते हुए कहा कि "धरती पर सभी मानव का समान अधिकार है और कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन जीना ही वास्तविक मानवता है,उन्होंने 90% अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को उनकी तरफ से 51 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की, मुख्य वक्ता संजय गुप्ता ने मानव अधिकारों की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर मानव का दायित्व है,इस अवसर पर विद्यार्थियों को डायरी और पेन भी वितरित किए गए, महाविद्यालय के प्राचार्य डीपी कोरी ने विद्यार्थियों से कहा कि अधिकारों की प्राप्ति के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति सजग रहना भी आवश्यक है,कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए,कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता अंकुश सिंह सिसोदिया ने किया,कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## फसल की हालत से किसान हताश

# शीतलहर के प्रकोप से सूखने लगी पठारी क्षेत्रों में लगी टमाटर की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड अब फसलों के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है। ठंड व पाला पड़ने के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है वहीं पठारी क्षेत्रों में लगी टमाटर की फसल अब सूखने लगी है। टमाटर की फसल के अचानक सूखने से किसान परेशान है।

**खास बात**

- उत्पादन में आई भारी कमी, खुदरा में 60 रूपए बिक रहा टमाटर

शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पारा सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे पहुंच गया है तथा न्यूनतम पारा प्रारंभ से ही 5 डिग्री पर स्थिर है। कड़ाके की ठंड के कारण कई स्थानों पर रात में धुंध एवं कोहरा का असर देखा जा रहा है वहीं पठारी क्षेत्रों में लगातार पाला जम रहा है। जिसके प्रभाव से फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। हाल-हाल तक कृषकों को अच्छी आय देने वाली टमाटर की फसल पाला के प्रभाव से अब सूख रही है। सरगुजा संभाग में टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती होती है। अच्छी कमाई होने के कारण बड़ी संख्या में किसान पठारी क्षेत्रों में टमाटर की खेती कर रहे हैं। पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार एवं झारखण्ड में टमाटर की अच्छी मांग होने के कारण व्यापारी सीधे किसानों के खेत में पहुंच जा रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व तक किसानों को टमाटर की फसल से अच्छी आय हो रही थी। अचानक ठंड बढ़ने एवं पाला पड़ने के कारण पहले तो फलों की वृद्धि प्रभावित हुई तथा अब पूरी फसल ही सूखने लगी है। लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत पठारी क्षेत्र सपड़ा, भेड़िया, परसाढोढ़ी, सरईपानी, नागम एवं पसेना में 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में लगी टमाटर की फसल तेजी से सूख रही है। उद्यानिकी वैज्ञानिक प्रभावित फसल पर पाला का प्रभाव पड़ने एवं सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से रात में जगह – जगह अलाव जलाने एवं धुंआ करने की सलाह दे रहे हैं जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। फसल सूखने के कारण किसान काफी निराश हैं।





ठण्ड से झूलसी टीमाटर की फसल।

**आवक हुई चौथाई**

थोक सब्जी विक्रेताओं के अनुसार शीतलहर का प्रकोप होने के बाद थोक मंडी में टमाटर की आवक घटकर चौथाई हो गई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। चार दिन पूर्व तक थोक सब्जी मंडी में हर दिन 20 पिकअप टमाटर की आवक होती थी जो अब घटकर 5-6 पिकअप में सिमट गई है। पूर्व में आवक अधिक होने पर थोक में टमाटर 30 रूपए एवं खुदरा में 40-50 रूपए किलो बिक रहा था। आवक कम होने के बाद थोक में टमाटर 40 रूपए एवं खुदरा में 60 रूपए की दर से बिक रहा है। मौसम ऐसा ही रहा तो टमाटर की उपज में भारी कमी आने के साथ ही कीमतों में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। ठंड बढ़ने के कारण अन्य सब्जियों का उत्पादन भी घट गया है।

**2 हजार एकड़ में खेती**

लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किसान 2 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में सब्जियों की खेती कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन हैं वहां किसान खीरा, लौकी, बरबट्टी आदि की खेती कर रहे हैं जबकि असिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती हो रही है। ठंड के मौसम में टमाटर की भारी मांग होने के साथ ही किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत मिलती है। टमाटर की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

**कम हुई है आवक**

ठंड बढ़ने के कारण थोक मंडी में टमाटर की आवक घटकर चौथाई हो गई है। कम आवक होने के कारण कीमतों में काफी वृद्धि हुई है। ठंड इसी तरह रही तो अन्य सब्जियों की आवक में भी कमी आने की संभावना है।

-काशीनाश केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

# गंदगी से बजबजाती नाली ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- दुर्गंध ने किया लोगो का जीना मुहाल

नालियों की साफ सफाई एवं गंदे पानी के निकासी के अभाव में नाली में जमा गंदगी एवं गंदे पानी की वजह से नगर की नालियां बजबजाने लगी है। नाली की नियमित साफ सफाई नही होने की वजह से उसमें गंदगी एवं कचरे का ढेर लग गया है जिसकी वजह से नाली से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों के नाक में दम करते हुए उनका जीना मुहाल कर दिया है।इसके अलावा नाली में जमा गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। नगर को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में नालियों की सफाई का दावा करने वाली नगर पंचायत का यह दावा नालियों को देख झूठा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा इस संबंध में अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

विदित हो कि बारिश से पूर्व नगर पंचायत द्वारा अभियान चलाकर नगर के सभी नालियों की सफाई कराई गई थी। दावा किया गया था कि नगर की एक भी नाली इससे अछूती नहीं रहेगी लेकिन नगर पंचायत का यह दावा गंदगी से सराबोर नगर की नालियों ने झूठा साबित कर दिया खासकर गौरवपथ का नाली जिसकी वजह से वार्डवासियों समेत आम लोग काफी परेशान हो गए है। सफाई अभियान के दौरान मरम्मत के नाम पर अधूरी छोड़ दी गई नाली से गौरवपथ का माहौल दूषित हो गया है। दरअसल वार्ड क्रमांक 15 एवं 4 से होकर गुजरने वाली गौरवपथ के दोनों ओर रिहायशी इलाके एवं व्यवसायिक केंद्र स्थित है। जिसकी वजह से घरों का कचरा एवं गंदा पानी नाली में आकर जमा हो जाता है। इसके अलावा हटरी में लगने वाले सब्जी बाजार के सड़े गले अवशेष भी नाली में डाल दिये जाते है जिसकी वजह से नाली का माहौल काफी दूषित हो चुका है



और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।नियमित साफ सफाई के अभाव में गंदी नाली की वजह से गौरवपथ के रहवासियों को दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा नाली के अवशेष नेशनल हाईवे तक बिखरा हुआ है जिसकी वजह से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत एवं वार्ड पार्षदो को अवगत कराने के बाद भी खुली नाली एवं पसरी गंदगी की समस्या दूर नही होने का नाम नही ले रही है। जिसकी वजह से गंदगी एवं दुर्गंध का सामना कर रहे वार्डवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों ने गौरवपथ एवं उसके आसपास खुली पड़ी नालीयों की सफाई एवं उस पर ढ़क्कन लगाने की मांग की है ताकि लोगो को नाली के प्रकोप से मुक्ति मिल सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने बताया कि बारिश की वजह से नाली सफाई अभियान प्रभावित हो गया था। बारिश बंद होते ही नाली सफाई अभियान शुरू कराया जायेगा।

### महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय का निपटारा करने हाईकोर्ट ने दिया आदेश

- वर्ष 2022 से लंबित है पूर्व मेयर और पार्षदों का वेतन

**अंबिकापुर।** नगर निगम के पूर्व महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने गाइडलाइंस जारी करते हुए इस मामले के निपटारे का आदेश जारी किया है। 2019 से 2025 की अवधि तक के निगम कार्यकाल के चुने हुए महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। इस बीच जनवरी 2025 में इस अवधि के महापौर और पार्षदों के कार्यकाल भी समाप्त हो गया। मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसपर उच्च न्यायालय ने 28 नवंबर को आदेश जारी किया था। याचिका की बहस के दौरान नगर पालिका निगम के अधिवक्ता ने यह तर्क दिया था कि पूर्व महापौर और पार्षदों ने उन महीनों के हिसाब नहीं दिया है जिनका मानदेय नहीं दिया गया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया कि सभी पिटीशनर जिनमें पूर्व महापौर और पार्षद शामिल हैं आदेश के 2 सप्ताह के अंदर निगम अम्बिकापुर के समक्ष मानदेय नहीं मिलने वाली अवधी का हिसाब देंगे और निगम अम्बिकापुर हिसाब प्राप्त होने के 3 माह के अंदर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 12 मई 2022 के हिसाब से निपटारा करें। जिसपर याचिकाकर्ता महापौर और पार्षदों ने 11 दिसंबर को आयुक्त, नगर निगम अम्बिकापुर को अपने बकाया मानदेय विवरण दे दिया है।

**लगभग डेढ़ करोड़ का मानदेय है अटका-** निगम अम्बिकापुर के द्वारा निगम के पूर्व कार्यकाल ने जून 2023 से जनवरी 2025 तक पार्षदों और महापौर को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए निगम के 47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया है। उच्च न्यायालय के द्वारा जिन 22 याचिकाकर्ता पार्षदों और महापौर के लिये आदेश जारी किया है उन्हें आगामी 3 माह में 67 लाख का भुगतान करना होगा।

# गुणवत्ता पखवाड़ा में बिश्रामपुर क्षेत्र ने हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दीपका में आयोजित समापन कार्यक्रम में डीपी ऑपरेशन ने बिश्रामपुर टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने बेहतर टीमवर्क,मजबूत प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण कार्यशैली के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर क्षेत्र ने गुणवत्ता पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में अपने वर्ग में द्वितीय पुरस्कार हासिल कर लिया है।

यह सम्मान निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रेंकलिन जयकुमार द्वारा दीपका में आयोजित समापन कार्यक्रम में प्रदान किया गया है,ज्ञात हो कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन,उत्पादन के साथ गुणवत्ता संतुलन, मशीनों की मेंटेनेंस, कर्मचारियों की भागीदारी और नवाचार की दिशा में किए गए प्रयास इन सभी मोर्चों पर बिश्रामपुर क्षेत्र ने इस वर्ष उल्लेखनीय बढ़त बनाई है,गुणवत्ता पखवाड़े में टीम ने कार्यप्रवाह सुधार,तकनीकी समस्या समाधान, वर्कशॉप मॉनिटरिंग और प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन पर विशेष फोकस किया,जिसका असर सीधे उत्पादकता और प्रदर्शन पर दिखा,पुरस्कार ग्रहण करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान बिश्रामपुर की पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है,हमने हमेशा गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी यही हमारी दिशा रहेगी जिसमें जोखिमों का समय रहते मूल्यांकन करना,कर्मचारियों को निर्णय में भागीदारी देना तथा तकनीकी प्रक्रियाओं को सरल बनाना मुख्य रूप से शामिल है।

### रासेयो स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**बिहारपुर।** स्वच्छता ही सेवा के तहत शासकीय नवीन महाविद्यालय की रासेयो योजना इकाई द्वारा सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने मुख्य चौराहा एवं पुलिस थाने के मुख्य मार्ग की सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पुलिस थाना प्रांगण व मुख्य सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों के आसपास के कचरे की सफाई की तथा दुकानदारों को परिसर के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। चौराहे पर स्वयंसेवकों ने जगह-जगह बिखरे प्लास्टिक के टुकड़ों व पॉलिथीन की थैलियों को एकत्र किया तथा लोगों को स्वच्छता का ध्यान रखने का संदेश दिया।




# वाटरशेड महोत्सव अंतर्गत कराई गई प्रतियोगिता

**सोनगरा।** प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत झींगादोहर में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलग्रहण विकास घटक 2.0) अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम करसु एवं श्यामनगर के स्कूलों में प्रभात फेरी, ड्राइंग प्रतियोगिता व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल है तो जीवन है का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते शामिल हुई जबकि अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष चंद्रमणी पैकरा ने की। इस दौरान विधायक ने 3 कार्यों का लोकार्पण एवं 4 कार्यों का भूमि पूजन किया। ग्रामीणों की सहभागिता से रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हितग्राहियों को 1 नग मिनी राइस मिल एवं 2 नग मिनी फ्लोर मिल हितग्राहियों को प्रदान की गई। 25-25 हजार रुपए डीबीटी के लाभार्थियों को चेक दिए गए। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े, सभापति कृषि स्थाई समिति लवकेश पैकरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, जनपद सदस्य शिवनंदन पैकरा, सरपंच सोनामनी अगरिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, गोपाल शरण सिंह, मीना श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, आशीष दुबे, किरण गुप्ता, अशोक प्रजापति, सोहरसाय पैकरा, मनीष मिश्रा, अंकुर पटेल, संजय मिश्रा, सुजीत मेहता, विकास तिवारी, पूरन राजवाड़े, धनेश्वर राजवाड़े, रामदुलार सिंह, भुनेश्वर सिंह, शोभनाथ अगरिया, शिव सिंह, मंडल संयोजक रंजय सिंह, एवीएफओ सुबोध कुमार, पटवारी राजालाल आदि उपस्थित रहे।



### अनियंत्रित ट्रेलर गड्ढे में गिरा, चालक गंभीर

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से गड्ढे में गिर गया। दुर्घटना में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 डीएन 8999 का चालक कोयला लोड करने करजी से परसा केते कोल लोडिंग पाइंट की ओर जा रहा था। चालक जैसे ही लखनपुर के जूनाडीह स्थित चुल्हट पुलिया पर पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक द्वारा कट मारने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बाहर निकाला तथा अस्पताल भेजा।

# तहसीलदार राठिया ने स्कूली बच्चों को बांटा स्वेटर



**रामानुजनगर।** प्राथमिक शाला उरांवपारा मदनेश्वरपुर के प्रधानपाठक संजय साहू के प्रयास से तहसीलदार मनहरन सिंह राठिया द्वारा विद्यालय के 40 बच्चों को और जय ड्रेसेस कल्याणपुर के संस्थापक रामचंद्र द्वारा 30 बच्चों को स्वेटर वितरण किया। जिले मे जहां कडाके की ठण्ड पड़ रही है ऐसे तहसीलदार द्वारा एक अच्छा पहल करते हुए न सिर्फ बच्चों के बीच पहुंचे बल्कि अपना बचपन याद किया।

प्रधान पाठक द्वारा जब तहसीलदार को बच्चों के बीच आमंत्रित किया गया तो उन्होंने स्वयं से इच्छा जाहिर किया और बच्चों को स्वेटर वितरण किया। विद्यालय में बच्चों की संख्या अधिक है ऐसे मे प्रधानपाठक द्वारा जय ड्रेसेस के संस्थापाक से बात किया गया और बच्चों हेतु कुछ करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ऐसे मे रामचंद्र साहू द्वारा भी 30 नग स्वेटर दिया गया। वहीं विद्यालय मे पूर्व में पदस्थ सहायक शिक्षक हीरा लाल कश्यप द्वारा उनकी शादी के उपलक्ष्य पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस दौरान संकुल प्राचार्य बंशबली हितकर, जनप्रतिनिधि ऋषि दुबे, सरपंच मदनेश्वरपुर, बृजराम साहू, संकुल समन्वयक राजुदूबे, हीरालाल कश्यप, रामकृपाल साहू, शोभारनी किसपोट्टा, एनिमा बेक सहित अन्य उपस्थित थे।

## मांगे पूरी नहीं होने पर रेलवे संघर्ष समिति करेगी चरणबद्ध आंदोलन

# अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के बिश्रामपुर स्टॉपेज को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर में अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407/22408 के ठहराव को लेकर आज शुक्रवार को बिश्रामपुर रेलवे संघर्ष समिति द्वारा कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया है, ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर स्टेशन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि यह सरगुजा संभाग का एकमात्र गुड्स शेड भी है, जहां प्रतिदिन भारी मात्रा में आवश्यक सामग्रियों की रैक लगती हैं।

यह स्टेशन कभी पूरे संभाग का अंतिम स्टेशन हुआ करता था, जिसके वर्षों बाद अंबिकापुर तक रेल लाइन का विस्तार हुआ,बावजूद इसके बिश्रामपुर स्टेशन को आज भी उचित महत्व नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कर्मचारी बिश्रामपुर व आसपास में निवासरत हैं,दिल्ली सहित उत्तर भारत, मध्य भारत व अन्य राज्यों के लिए नियमित रेल सेवा की आवश्यकता सबसे अधिक इन्हीं को पड़ती है।



अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस सरगुजा को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली इकलौती सुविधा है, ऐसे में इसका बिश्रामपुर में ठहराव न होना स्थानीय जनता के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है,ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि वर्षों से मांग उठाए जाने के बावजूद रेलवे विभाग की उदासीनता के चलते अब तक ठहराव स्वीकृत नहीं किया गया है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि निजामुद्दीन ट्रेन का बिश्रामपुर स्टेशन में जल्द ही ठहराव की मांग पूरी नहीं की गई तो संघर्ष समिति की अगुवाई में स्थानीय नागरिक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे,ज्ञापन सौंपने वालों में राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल,रमेश दनौदिया, अधिवक्ता प्रदीप गर्ग,चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,चन्दन सिंह,जतीन तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,राजेश यादव व अन्य उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अम्बिकापुर। लखनपुर थानान्तर्गत ग्राम अमदला शंकर घुटरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक को तलाश रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम बंधा निवासी इमरान खान पिता जाफिरूल खान कुछ दिनों पूर्व अपने नहिहाल ग्राम खाला गया था तथा बुधवार को सुबह बाइक से अपने घर बंधा के लिए निकला था। जैसे ही वह अमदला शंकरघुटरा के पास पहुंचा अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style

# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत' किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत' में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



**कुसमी।** शुक्रवार की देर शाम बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मोतीनगर निवासी 18 वर्षीय सुशील कुमार नगेसिया आ. कुंवर साय नगेसिया, 19 वर्षीय उसपाल आ. स्व. चांगुल नगेसिया व 16 वर्षीय संजू आ. सहजू नगेसिया पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 1944 से किसी काम से कुसमी बाजार आए हुए थे और शाम लगभग 6 बजे वे वापस लौट रहे थे। इस दौरान बगीचा से कुसमी के बीच चलने वाली शमीम बस क्रमांक सीजी 14 जी 0136 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बाइक सवार सुशील नगेसिया और उसपाल नगेसिया की मौत हो गई जबकि संजू नगेसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुसमी विरासत कुजूर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त करने के साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। इस घटना के बाद मृतकों के परिजन सदमे में है।

### ट्रैक्टर के नीचे आकर किसान की मौत



**कुसमी।** शुक्रवार को बिक्री के लिए धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे किसान की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर से धान की गिरी हुई बोरियों को उठाने के लिए नीचे उतारा था और ट्रैक्टर बैक होने से वह कुचल गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम केदली निवासी 65 वर्षीय हरिमोहन एक्का आ. अगनू एक्का 12 दिसम्बर को ट्रैक्टर से धान लेकर कुसमी धान खरीदी केंद्र पहुंचा था। इस दौरान उसके ट्रैक्टर ट्राली से धान की बोरियां नीचे गिर गई जिसे उठाने के लिए किसान वाहन से नीचे उतरा और ट्रैक्टर व ट्राली के बीच में खड़ा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के बैक होने से ग्रामीण वाहन के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

## अवैध विद्युत तार से हुई पुशवाराम की मौत का हुआ खुलासा

# शव छिपाने वाले मुख्य आरोपी के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी थाना केल्हारी क्षेत्र में मर्ग क्रमांक 29/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत कैलाशपुर निवासी पुशवाराम उम्र 55 वर्ष की मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। प्रार्थिया हिरौंदिया और गवाहों के बयान के अनुसार 21 अक्टूबर की रात करीब 1.30 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा रास्ते में अवैध रूप से खींचे गए विद्युत तार की चपेट में आने से पुशवाराम की मौत हो गई थी और शव को जंगल में छिपा दिया गया था।

■ केल्हारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

मामले में थाना केल्हारी में अपराध क्रमांक 60/25 धारा 105, 238 बीएनएस एवं 135 (1)(ख) विद्युत अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक टिकेश्वर यादव की टीम ने आरोपियों की पतासाजी की। मुखबीर से मिली जानकारी पर संदेही जगतलाल से पूछताछ में पता चला कि वह अपने साथियों चैन सिंह, घनश्याम निवासी आमादमक, ज्ञान सिंह एवं राजकुमार निवासी केलुआ के साथ जंगल में जंगली जानवर मारने के लिए बिजली का तार लगा रहा था ,जिसकी चपेट में आने से पुशवाराम की मृत्यु हो गई। घटना छिपाने के लिए इन लोगों ने शव को कैलापुर भुतही डोंगरी जंगल में छिपा दिया, जबकि प्रयुक्त जीआई तार और शीशी को प्लास्टिक के झोले में भरकर घर के आंगन में जमीन के अंदर गाड़ दिया तथा बांस की खुंटी को जला दिया। अपराध की पुष्टि होने पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक टिकेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक बंधुराम, प्रधान आरक्षक ललित यादव, संजय पाण्डेय, विनोद खलखो, आरक्षक सुरेश तिग्गा, मुरारी सिंह, राजेश सेन, तेजप्रताप सिंह, बालकरण कुजूर, इजित सिंह, अनिमा मिंज और चालक आरक्षक अमित सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



गिरफ्तार आरोपी।

# दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश, बेटे ने ही रची थी पिता और सौतेली मां के हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

कोतवाली पुलिस ने ग्राम लखनपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का तत्परतापूर्वक खुलासा करते हुए एक सनसनीखेज साजिश का पदार्फाश किया है। संपत्ति विवाद और सौतेली मां के चलते मृतक राजेन्द्र उर्फ बबलू पटेल के सगे पुत्र सहित कुल 5 आरोपियों ने मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने पुत्र सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह हृदय विदारक घटना लखनपुर निवासी राजेन्द्र उर्फ बबलू पटेल और उनके घर पर काम करने वाली कुमारी सीमा बैगानिवासी ग्राम डालाडीह की रात्रि में सोते समय हुई थी। दोनों की जघन्य एवं नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में यह सामने आया कि इस हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार कोई और नहीं, बल्कि मृतक राजेन्द्र पटेल की पहली पत्नी से हुआ पुत्र आलोक उर्फ सूरज पटेल उम्र 18 वर्ष है। पुलिस के अनुसार आलोक उर्फ सूरज पटेल ने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर इस दोहरे हत्याकांड की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। मामले में कुल 5 आरोपी शामिल थे, इनमें से तीन आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं, जबकि आलोक उर्फ सूरज पटेल सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस पूरे विवाद की जड़ संपत्ति में अपना अधिकार और सौतेली मां थी। पुत्र आलोक उर्फ सूरज पटेल अपनी सौतेली मां के चलते पिता और मां को रास्ते से हटाना चाहता था। दुर्भाग्य से इस नृशंस वारदात में घर पर काम करने वाली बाई कुमारी सीमा बैगा की भी हत्या कर दी गई।



### हत्या की योजना का वीडियो जारी

इस वारदात की गंभीरता को दर्शाते हुए पुलिस ने घटना के पहले का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें सभी आरोपी मिलकर हत्या की पूरी योजना तैयार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो साफ तौर पर दर्शाता है कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। कोतवाली पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई के कारण यह सनसनीखेज मामला सामने आया है और आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता मिली है।

# न्यू लाइफ में पोषण आहार पर कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइंफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के समक्ष बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार के बारे में जागरूकता और तैयारी प्रदान करना है। बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करना आवश्यक है, जो कि स्वास्थ, संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर देती है, मौसमी फल व सब्जियां हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। पोषण आहार कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व यूनिसेफ जैसी संस्थाएं शामिल हैं जो कि हमें आहार द्वारा स्वास्थ्य भविष्य प्राप्त करने में मद्द करती है। न्यू लाइफ संस्था परिसर में विद्यार्थियों द्वारा कुपोषण आहार, गर्भावस्था में आहार, रक्ताल्पता उच्चरक्तचाप और मधुमेह के लिए विभिन्न प्रकार के आहार तैयार किए गए। पोषण आहार कार्यमक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोगोपचार आहार पर जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की उत्कृष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। संचालन नर्सिंग ट्यूटर श्रीमती लक्ष्मी साहू के द्वारा किया गया। न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य, स्टॉफ एवं समस्त छात्र-छात्राएं पोषण आहार कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उप जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सी) क्रमांक 1404/2023 सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित निर्णय के अनुपालन में शनिवार को उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार बंजारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा तथा जिला विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निरूद्ध अवधि में प्राप्त होने वाले अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण बोर्ड ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। दल द्वारा उप जेल के अधोसंरचना, बैरकों की स्थिति, बंदियों के उपयोग के लिए उपलब्ध शौचालयों की स्वच्छता एवं रख-रखाव की समीक्षा की गई।

साथ ही बंदियों को प्रदत्त भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में किसी भी प्रकार का जातिगत अथवा अन्य भेदभाव नहीं पाया गया, इसके अतिरिक्त जेल परिसर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा बंदियों को प्रदान की जा रही विधिक सहायता की स्थिति का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय 3 अक्टूबर 2024 के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विजिटर बोर्ड, एमसीबी द्वारा प्रत्येक तिमाही उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जेल में निरूद्ध बंदियों को सभी विधिक एवं मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों तथा उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो।



निरीक्षण करते न्यायाधीश व अन्य।




# बचपन प्ले स्कूल में कहानी वाचन स्पर्धा

मनेन्द्रगढ़। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के छात्र-छात्राओं के लिए कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी अ से अरफिया मेमन एवं सिद्धी देवानी प्रथम शिवांश तिवारी द्वितीय तवीशी तिवारी एवं कनिष्क शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एलकेजी ब से रियांश अग्रहरि एवं रूत्वी दगावकर प्रथम जबजोत कौर, काश्वी रजक, रक्षिता यादव एवं सृष्टि तल्लानी द्वितीय आस्वी अग्रवाल एवं अवीश्री मुखर्जी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा एलकेजी स से विहाना फरमानिया एवं आरिका दर्शन प्रथम इशिका पटेल, समायरा सिंह, आस्वी कनौजिया द्वितीय शौविक चंद्र दास एवं सैवी तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह यूकेजी अ से स्पृहा अग्रवाल एवं अद्वैत दास प्रथम लीरिशा जैन, शिवार्थ जायसवाल द्वितीय प्रांसी सिंह, अभिज्ञा सिंह, भूमि सिंह चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा यूकेजी ब से वेदिका अग्रवाल एवं वृंदा पोद्दार प्रथम वैष्णवी यादव एवं अर्पिता अग्रवाल द्वितीय हरषिल छत्तानी तृतीय स्थान पर रहे। तथा यूकेजी स से शाश्वत डे एवं ख्याति दुबे प्रथम वीरजा ताम्रकार, धनिश कोरी द्वितीय ओजस्वी बोथरा, गरिमा सिंह एवं आशवी वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता, आरिका खान, फरहीन बानो, प्रीति मैम तथा रश्मि प्रसाद, प्रियंका सिंह, शिल्पी सिन्हा, रुचि सेन, सबा परवीन ,महक सोनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सपनों का घरौंदा...



बैकुण्ठपुर। सोनहत क्षेत्र के एक गांव के छोटे बच्चों के द्वारा अपने खेलने के लिए लकड़ी एवं पैरावट की सहायता से छोटा सा सपनों का घरौंदा तैयार किया। इसमें मासूमियत एवं रचनात्मकता का संगम देखने को मिला।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने निकाली प्रभावशाली बैटन मार्च

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

संभाग के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा आगामी वार्षिक खेल दिवस 2025-26 को सफल और यादगार बनाने के उद्देश्य से विद्यालय की छात्र परिषद ने पूरे नगर में एक प्रभावशाली बैटन मार्च एवं प्रचार यात्रा निकाली। मार्च के दौरान परिषद के सदस्यों ने नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर पहुंचकर गणमान्य नागरिकों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कराई। इनमें शामिल रहे।

जिला पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ श्रीमती रत्ना सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ए. टोप्पो, जिला शिक्षाधिकारी आरपी मिरे, थाना प्रभारी दीपेश सैनी, प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ इन सभी गणमान्य ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और युवाओं को खेल दिवस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रचार यात्रा का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण से हुआ, जहां प्राचार्य ने हरीझंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। अनुशासित पंक्तियों में आगे बढ़ते हुए छात्र-छात्राएं विद्यालय के ध्वज, बैटन और स्कूल बैंड के साथ खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता तथा निष्ठा के संदेशों से पूरे नगर के वातावरण को जीवंत करते रहे। यह बैटन मार्च नगर की मुख्य सड़कों, बाजार चौक, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय इलाकों से होकर गुजरा। परिषद के सदस्यों ने नागरिकों से संवाद कर उन्हें वार्षिक खेल दिवस की विशेषताओं से अवगत कराया और आमंत्रण पत्र वितरित किए। छात्रों की ऊर्जा, शिष्टाचार और संवाद क्षमता ने सभी को प्रभावित किया।

विद्यालय के खेल प्रभारी राजेन्द्र मंडल ने बताया कि इस वर्ष के खेल दिवस में एथलेटिक्स, टीम प्रतियोगिताएं, योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैटन मार्च केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों में नेतृत्व कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व और टीमवर्क को मजबूत करने का प्रयास भी है। प्रचार यात्रा एवं बैटन मार्च के सफल समापन के साथ विद्यालय में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। विद्यालय परिवार ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे काफी संख्या में उपस्थित होकर युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें और खेल दिवस को उत्साह, उमंग और एकता का प्रतीक बनाएं।



## पृष्ठ 1 का शेष

### 80 हजार की...

शाम 4:20 बजे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने करीब 300 मीटर केबल तार बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 45 हजार रूपए बताई जा रही है। आरोपी द्वारा चोरी किए गए कुछ केबल तारों को जलाने एवं कुछ को अलग-अलग स्थानों पर छिपाने की जानकारी भी सामने आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैकुंठपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 23 दिसंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस चोरी में 10-15 लोगों की संलिप्तता की आशंका है, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र का आयोजन

# कैंसर जागरूकता शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के सौजन्य से स्थानीय साकेत सदन भवन में सामाजिक स्वास्थ्य के लिए समर्पण कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा कैंसर रोग के प्रमुख कारण व इलाज से संबंधी जानकारी दी।

शिविर का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा सेवानिवृत्ति विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉक्टरअनंत एम केरके, डॉ.चंद्रकांत नाग, डॉ.मीनाक्षी, डॉ.मनीषा नाग का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि इसकी पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो इसका सफल उपचार संभव है। उन्होंने तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब जैसे नशे से दूर रहने, संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर विशेष जोर दिया। महिलाओं में स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर तथा पुरूषों में मुख एवं फेफड़ों के कैंसर के लक्षणों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, बचाव के उपाय एवं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा ने कहा कि संपूर्ण विश्व में कैंसर की बीमारी का फैलाव बेहद चिंताजनक है।

बैकुंठपुर क्षेत्र निरंतर अपने कर्मचारी उनके परिजन एवं क्षेत्र वासियों के बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन बैकुंठपुर क्षेत्र के झिलमिली व अन्य जगह में किया जाएगा, ताकि खदान क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जानकारी का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन पुरूषोत्तम विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।



चिकित्सकों का स्वागत करते जीएम व अन्य।




